आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 06.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक वर्ष के स्मरणोत्सव का उद्घाटन करेंगे।
- प्रदेश में सभी सरकारी स्कूलों और पंचायत कार्यालयों का काम कल से वन्दे मातरम गीत के सामूहिक गायन से शुरू होगा।
- अंता विधानसभा सीट के 11 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिये प्रचार और तेज़ हुआ।
- नगरीय विकास विभाग ने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सभी निकायों में विशेष अभियान शुरू किया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक वर्ष के स्मरणोत्सव का उद्घाटन करेंगे। संस्कृति मंत्रालय राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उद्घाटन समारोह का आयोजन करेगा। यह आयोजन कल से अगले वर्ष 7 नवंबर तक चलने वाले एक वर्ष के राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ होगा। उद्घाटन समारोह की मुख्य विशेषताओं में 'वंदे मातरम' के 150 वर्षों के इतिहास पर एक क्यूरेटेड प्रदर्शनी का आयोजन शामिल होगा। एक लघु वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन और एक स्मारक डाक टिकट तथा स्मारक सिक्का भी जारी किया जाएगा।

इधर प्रदेश में भी इसी सिलसिले में कार्यक्रम होंगे। राज्य स्तरीय आयोजन जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में होगा। जिला मुख्यालयों पर भी राष्ट्रीय वन्दे मातरम की वर्षगांठ समारोहपूर्वक मनाई जायेगी। इस बीच पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि सभी सरकारी स्कूलों और पंचायती राज विभाग के सभी कार्यालयों का काम कल से वन्दे मातरम गीत के सामूहिक गायन से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। श्री दिलावर ने कहा की इस निर्णय सें देश प्रेम की भावना बढ़ेगी, वहीं कर्मचारियों मे कार्यालय मे समय पर आने और अपने कार्य के प्रति अनुशासन की प्रवृति बढ़ेगी। इसके अलावा राज्य के सभी स्कूलों में स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरणादायी गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विभिन्न राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किए गये हैं।

निदेशालय के अनुसार राज्य, जिला तथा ब्लॉक स्तर पर सार्वजनिक प्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी, शिक्षकों तथा अभिभावकों की भागीदारी से वंदे मातरम गीत आधारित वाद–विवाद, निबंध लेखन, देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

000

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में आज 18 जिलों की 121 सीटों के लिए मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के बख्तियारपुर में तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर में वोट डाला। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय और उनकी पत्नी ने हाजीपुर के मतदान केंद्र पर वोट डाला। विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख और महागठबंधन के उपमुख्यमंत्री पद के चेहरे मुकेश सहनी ने दरभंगा में मतदान किया।

000

अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये प्रचार और तेज़ हो गया है। आज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने भाजपा प्रत्याशी के जनसमर्थन में मांगरोल में रोड शो किया। बाद में जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बीते दो वर्षों के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए सड़कों और नहरी तंत्र के सुदृढ़ीकरण का आश्वासन दिया। उपचुनाव के लिये प्रचार 9 नवम्बर को थमेगा। मतदान 11 नवम्बर को जबकि मतगणना 14 नवम्बर को होगी।

000

उदयपुर की संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ई.एफ. वितरण, मैपिंग और बी.एल.ओ. सर्वेक्षण की स्थिति की जानकारी ली। आयुक्त ने आईटी हेल्प डेस्क और स्वयंसेवक सहायता डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहें। डीग जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से भ्रामक सूचनाओं से बचने और अभियान में सहयोग करने की अपील की है। इस बीच पाली के जिला कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नवाचार किया गया है, इससे बीएलओ को किसी भी मतदाता का नाम ढूंढने में काफी आसानी होगी।

000

कोटा में आज आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय के नए भवन का लोकार्पण हुआ। समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस महाविद्यालय का नामकरण पूर्व सांसद वैद्य दाऊदयाल जोशी के नाम पर होगा। करीब 21 करोड़ 89 लाख रूपये की लागत से बना यह भवन प्रदेश में स्वीकृत 6 आयुर्वेद कॉलेजों में सबसे पहले तैयार हुआ है, जिसमें 450 विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। स्पीकर बिरला ने कहा कि ये महाविद्यालय स्वास्थ्य शिक्षा को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को पूरे विश्व में पहचान मिली है।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि भारत जिस तरह आगे बढ़ रहा है, वह जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। आज श्रीनगर में एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में श्री शेखावत ने कहा कि कश्मीर की प्रगति अब केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि धरातल पर नजर आ रही है। लाखों पर्यटकों की वापसी इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 10 प्रतिशत करने का लक्ष्य है, जिसका सबसे बड़ा लाभ कश्मीर को मिलेगा। उन्होंने युवाओं से पर्यटन को स्थायी और विकेन्द्रीकृत बनाने का आह्वान किया।

000

नगरीय विकास विभाग ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी निकायों में विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य फुटपाथ और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना, अनाधिकृत रोड़ कट को तत्काल बंद करना तथा डिवाइडर और फुटपाथ की मरम्मत करना है। इसके साथ ही, यातायात संकेतक लगाने और क्षतिग्रस्त मैनहोल कवर्स का दुरूस्तीकरण भी व्यापक स्तर पर किया जाएगा। नगरीय निकाय को सीबीयूडी एप पर खुदाई कार्यों का ब्यौरा देना अनिवार्य होगा, जिसका उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विभाग ने इन सभी कार्यों को 30 दिसम्बर तक पूरा करने को कहा है।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के रेल प्रबंधक रवि जैन आज झुंझुनूं के दौरे पर रहे। उन्होंने अमृत स्टेशन योजना के तहत झुंझुनूं रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। डीआरएम जैन ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के सभी कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा।

000

आईसीसी वर्ल्ड कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने टीम को बधाई दी और कहा कि उन्होंने इतिहास रचा है और युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन गई है। राष्ट्रपति ने प्रमुख कोच, बल्लेबाजी कोच, फील्डिंग कोच तथा सहयोगी स्टाफ की भी सराहना की। उन्होंने कामना की ये सभी लोग टीम इंडिया की सफलता के नये रिकॉर्ड बनाएंगे।

000

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में बालोतरा में "सरदार /150 यूनिटी मार्च" 14 नवंबर को आयोजित होगी। इसके प्रारंभिक चरण में निबंध और अन्य प्रतियोगिताएं हो रही हैं। ये आयोजन माई भारत के राष्ट्रीय अभियान के तहत हो रहा है।

000

प्रदेशभर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव पखवाड़ा के तहत आज भी विभिन्न कार्यक्रम हुए। जयपुर में बस्सी पंचायत समिति में ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए खिलौना बनाने की कार्यशाला हुई। माडा क्षेत्र की ग्राम सभाओं में विशेष संगोष्ठियाँ हुईं, जहाँ प्रतिभागियों ने बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को आत्मसात करने की शपथ ली। उधर, कोटपूतली–बहरोड़ के कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। सिरोही ज़िले के सिवाना में इसी सिलसिले में दो दिन की मल्टी मीडिया प्रदर्शनी शुरू हुई। इसमें जनजातीय गौरव दिवस पर पैनल प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस दौरान जीएसटी बचत उत्सव और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

000

सवाईमाधोपुर जिले में कल बनास नदी में बहे दो सगे भाइयों को खोजने के लिए सुबह से बचाव अभियान जारी है। इसरदा बांध से पानी छोड़ने के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने से यह हादसा हुआ। कल, मलारना स्टेशन के पास ओलवाड़ा रपट पर मोटरसाइकिल फिसलने से दोनों भाई तेज बहाव में बह गए, जबकि तीसरा किशोर बच निकला। ये युवक एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। इसी तरह, ऐचेर बगीना रपट पर भी एक अन्य मोटरसाइकिल सवार के बहने की सूचना है, जिसकी तलाश की जा रही है।

000